हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 नवधा रामायण पाठ में शामिल हुए विधायक दीपेश, मानस भवन का ...





10 इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड रोकने अब भारतपोल...




## खबर संक्षेप

### शासकीय कर्मियों के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य



**बेमेतरा।** सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन ने एक कड़ा निर्देश जारी किया है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन अनिवार्य किया है। मुख्य सचिव द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं के कारण कई शासकीय कर्मियों की मृत्यु और गंभीर चोट लगने की घटनाएं सामने आई हैं। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि शासकीय सेवकों को न केवल इन नियमों का पालन करना चाहिए, बल्कि अपने परिवार और आम जनता के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। सभी शासकीय और अर्द्धशासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे वाहन चालन के समय अनिवार्य रूप से हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें।

### विधानसभा की मतदाता सूची में जोड़े गए 19 हज़ार से ज्यादा नए मतदाताओं के नाम

**बेमेतरा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विधानसभा की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में 19,664 नये मतदाता के नाम दर्ज किये गये है, जिसमें 18-19 वर्ष के 18,645 नये मतदाता शामिल है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक विधानसभा की निर्वाचक नामावली में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 की स्थिति में मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की गई। पुनरीक्षण के दौरान कुल 27,376 फार्म प्राप्त हुए, जिसमें 20,113 फार्म-6, 4300 फार्म-7, 2963 फार्म-8 भरे गये। प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण उपरांत 06 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। जिसके अनुसार विधानसभा 68 साजा में कुल मतदाता 2,60,359, विधानसभा 69 बेमेतरा में कुल मतदाता 2,55,426 एवं विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ में कुल मतदाता 2,80,321 हो गये है, इसप्रकार तीनों विधानसभा क्षेत्र में 3,99,027 पुरुष मतदाता, 3,97,079 महिला मतदाता सहित कुल 7,96,106 मतदाता हो गये हैं।

### फिजूलखर्ची का आरोप कोंहगाटोला के ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**बालोद।** ग्राम कोंहगाटोला के ग्रामीणों ने 15 वें वित्त आयोग की राशि को फिजुल के कार्यों में खर्च करने का आरोप लगाते हुए उसकी जांच की मांग की है। मांग को लेकर उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम कोहंगाटोला के सरपंच व सचिव ने 15वें वित्त आयोग की राशि ग्रामों के विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा प्रदान की जाती है, लेकिन राशि का सही खर्च न करके दुरूपयोग किया जा रहा है। इसलिए उपरोक्त 15वित्त आयोग की राशि खर्च किए जाने की जांच की जानी चाहिए।

### भानपुरी में क्रिकेट प्रतियोगिता 13 से

**गुरूर।** ग्राम भानपुरी में यंग स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 16 जनवरी तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5501 रूपये रखा गया है। इसके साथ ही प्रत्येक मैच में मैन ऑफ दी मैच, मैन ऑफ दी सीरिज, बेस्ट बालर, बल्लेबाज व फिल्डर का ईनाम रखा गया है। समिति के अध्यक्ष टिकेश सलाम, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष जोगू कुमार सहित पूरी टीम प्रतियोगिता की तैयारी में लगी हुई है।

**मांग : ग्रामीणों को समझाने के नाम पर बड़ी संख्या में पहुंची थी पुलिस प्रशासन की टीम**

# पथर्रा में प्लांट का विरोध कर रहे 12 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार, धारा 151 के तहत की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से महज 13 किलोमीटर दूर स्थित पथर्रा गांव में लंबे समय से जारी एथेनॉल प्लांट के विरोध में आंदोलन किया जा रहा है। इस बीच गुरुवार को बवाल के बाद ग्रामीणों में काफी गहमागहमी की स्थिति रही। पुलिस प्रशासन ने आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों के साथ करीब 12 ग्रामीणों पर धारा 151 लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद ग्रामीणों में फैक्ट्री प्रबन्धन के खिलाफ आक्रोश नज़र आने लगा है। ऐहतियातन बेमेतरा पुलिस द्वारा धरनास्थल सहित इलाके में बड़ी संख्या में फोर्स की तैनाती कर निगरानी की जा रही है। गुरुवार के ताजा घटनाक्रम से गाँव एक बार फिर सुर्खियों में है।

दरअसल ज़िला के पथर्रा गाँव में करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से एक निजी कंपनी द्वारा एथेनॉल प्लांट लगाया गया है, जो वर्तमान में शुरू भी हो चुका है। इसे लेकर काफी समय से ग्रामीणों एवं फैक्टरी प्रबन्धन के बीच विवादों के कारण यह सुर्खियों में लगातार बना हुआ है। गौरतलब हो कि यह इथेनॉल प्लांट जब से शुरू हुआ है, तब से इसका विरोध क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। यहां ग्रामीणों द्वारा विगत 120 दिनों से लगातार धरना दिया जा रहा है। गुरुवार को यहां ग्रामीणों को समझाइश देने के नाम पर पुलिस-प्रशासन की टीम भारी संख्या में धरना स्थल पर पहुंची। जहां पर पुलिस की तैनाती के बाद दिनभर ग्रामीणों के साथ गहमागहमी की स्थिति बनी रही।

**प्लांट के विरोध में ग्रामीण 120 दिन से कर रहे हैं प्रदर्शन**





### फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप, चुनाव बहिष्कार का निर्णय

वहीं, ग्रामीणों का दावा है कि यहां के ग्रामीण पुलिस के पास प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे व लिखित में आवेदन देने के बाद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बता दें कि दो दिन पहले ही यहां के ग्रामीणों ने एथेनॉल प्लांट के विरोध में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा भी कर दी है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बकायदा कलेक्टर को आवेदन भी दिया है।

### देर रात तक नहीं मिली जमानत

ताजा जानकारी के मुताबिक शाम ग्रामीणों एवं शासन-प्रशासन की टीम के बीच समझाइश का सिलसिला जारी रहा।लेकिन कोई खास हल निकलता दिखाई नहीं दिया। अंततः आंदोलन कर रहे ग्रामीणों में से 12 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आंदोलन का नेतृत्व अमिताभ मिश्रा एवं सिद्दीक अहमद खान कर रहे थे। सम्भावित बवाल की स्थिति को देखकर पुलिस द्वारा 12 लोगों पर 151 लगाकर एसडीएम कोर्ट भेज दिया, जहाँ देर रात तक गिरफ्तार ग्रामीणों को जमानत नहीं मिल पाई थी।

### ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर

ग्रामीणों का कहना हैं कि इस एथेनॉल प्लांट से क्षेत्र में भयंकर प्रदूषण फैलेगा और उनकी खेतों की उपज पर भी व्यापक असर पड़ेगा। हालांकि कंपनी प्रबंधन ने दावा किया है कि प्लांट से किसी भी प्रकार से प्रदूषण नहीं फैलेगा और न ही किसी भी खेत की उपज पर असर पड़ेगा। दूसरी ओर धरने पर बैठे ग्रामीणों का कहना है कि प्लांट के विरोध करने के कारण लगातार पुलिस-प्रशासन व प्लांट प्रबंधक द्वारा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एक बार इसके विरोध में शांतिपूर्ण बेमेतरा कलेक्टोरेट का घेराव किया गया था, तब प्रशासन ने ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। इसी साल जनवरी माह में ही प्लांट प्रबंधन की ओर से ग्रामीणों के खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें कई महिलाओं के नाम भी शामिल हैं।

# खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, चाचा-भतीजे की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

कबीरधाम जिले के रणवीरपुर चौकी अंतर्गत आने वाले जिले के सीमावर्ती ग्राम बनिया के समीप बुधवार की रात करीब 9 बजे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में मोटरसाइकिल जा घुसी। दुर्घटना में बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गयी।

- रणवीरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम बनिया के पास बुधवार रात हुई दुर्घटना

दोनों युवक ग्राम गौरझूमर के रहने वाले वाले थे। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थान खम्हरिया पुलिस ने दोनों युवकों के शव को स्थानीय अस्पताल लाकर परिजनों को घटना की सूचना दी। एक ही परिवार के होने के कारण ग्राम गौरझूमर में मातम का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थान खम्हरिया पुलिस ने शून्य में मर्ग कायम किया, जिसे बाद में रणवीरपुर चौकी स्थानांतरित कर दिया जाएगा। घटना के मुताबिक कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक के रणवीरपुर चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम गौरझूमर निवासी रवि बंजारे पिता हीरऊ उम्र 22 वर्ष तथा सुखदेव जांगड़े पिता बलराम जांगड़े उम्र 18 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 25 एल 8906 से थान खम्हरिया से काम निपटा कर घर लौट रहे थे। तभी जिले के सीमा पार करने के बाद ग्राम बनिया के पहले धान भरी हुई खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में मोटरसाइकिल जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रवि बंजारे के सिर पर गंभीर चोट आयी, जिसके कारण अधिक रक्तस्त्राव से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। जबकि सुखदेव जांगडे के सीने व चेहरे में चोट लगने के कारण कुछ समय बाद उसने भी दम तोड़ दिया।

### रात में अचानक चीख-पुकार सुनकर घटनास्थल पहुंचे ग्रामीण

रात का समय था। अचानक चीख पुकार सुनकर ग्रामीण घर से बाहर निकले, तो दो युवक खून से लथपथ मिले। थान खम्हरिया व रणवीरपुर चौकी को तत्काल सूचना दी गई। इस पर सबसे पहले थान खम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक युवकों की मौत हो चुकी थी। दोनों युवक रिश्ते में चाचा-भतीजे थे। हालांकि पुलिस ने युवकों गम्भीर स्थिति को देखकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को ग्राम गौरझूमर में दोनों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। मृतक रवि बंजारे की पत्नी तथा 10 माह के लड़के को देखकर भी ग्रामीणों के आंसू थम नहीं रहे थे।

### मास्टर ट्रेनर व निर्वाचन व्यय सम्परीक्षकों का प्रशिक्षण आज

**बेमेतरा।** नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024-25 के अन्तर्गत शुक्रवार को 02 बजे से वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से मास्टर ट्रेनर व निर्वाचन व्यय सम्परीक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के नोड्ल व सहायक नोडल अधिकारी जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहित नियुक्त सभी निर्वाचन व्यय सम्परीक्षक एवं सहायक कर्मचारी 02 बजे दिशा सभा कक्ष संयुक्त जिला कार्यालय में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### सुरहोली में एक भी एसटी मतदाता नहीं, पर सरपंच के लिए पद आरक्षित...



**बेमेतरा/बेरला।** बुधवार की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आरक्षण निकाला गया। जिसमें जनपद पंचायत बेरला अंचल में आने वाले ग्राम पंचायत सुरहोली का एक मामला सामने आया है। यहाँ सरपंच के लिए अनुसूचित जनजाति महिला आरक्षण निकाला गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सुरहोली में एसटी मतदाता न कभी था और न है। इसलिए ग्रामीणों ने आरक्षण मुक्त करने के लिए बेरला एसडीएम पिंकी मनहर को तत्काल आवेदन प्रेषित कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही बेमेतरा जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रहलाद वर्मा जनसेवक, तारण यादव, ओमप्रकाश साहू, विष्णु प्रसाद साहू, महेश वर्मा, संतोष साहू, चतुर साहू, गुलशन चौहान, टोभू यादव आदि ने आरक्षण का विरोध किया है।

## कोबिया में नवधा रामायण 15 से, रोज निकाली जा रही प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रभात फेरी जय जय श्री राम सेवा समिति कोबिया के सदस्य नवधा रामायण दिन के नजदीक आते ही रोज सुबह 5 बजे वार्ड में निकाल रहे हैं। ढोल मंजिरों की धुन के साथ श्री राम का महिमा का गुन गान करते हैं। समिति संयोजक कमलेश वर्मा ने बताया कि यह पूर्वजों की पुरानी परम्परा है, जिसे समिति के सदस्य पूरी लगन से निभा रहे हैं। इस अवसर पर संरक्षक संतोष वर्मा, देवनाथ पाल, समिति संयोजक कमलेश वर्मा, उपाध्यक्ष सुखेन वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, सचिव गणेश यादव, सहसचिव शिव प्रताप वर्मा, मीडिया प्रभारी उतम वर्मा, ललित यादव, कृष्णा वर्मा, तकेश्वर वर्मा, राजकुमार, डोमन पाल, मनीष यादव, दादू वर्मा, गोविन्द पाल, शिवा यादव, निलेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।



**गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में पूरी की गई आरक्षण की प्रक्रिया**

# जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए हुआ आरक्षण, अध्यक्ष का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में जिला पंचायत के सदस्य एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदों के आरक्षण की कार्यवाही की गई।

इस दौरान जिला पंचायत बेमेतरा अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र 01 कठौतिया में अनारक्षित महिला, 02 बालसमुंद में अनारक्षित मुक्त, 03 चंदनु में अनुसूचित जनजाति महिला, 04 बसनी में अनुसूचित जाति महिला, 05 मल्दा में अनारक्षित मुक्त, 06 संबलपुर में अनुसूचित जाति मुक्त, 07 प्रतापपुर में अनुसूचित जाति महिला, 08 उमरावनगर में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 09 खैरझिटीकला में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 10 मोहतरा में अनारक्षित मुक्त, 11 सुरुजपुरा में अनारक्षित मुक्त, 12 भाठासोरही में अनारक्षित महिला, 13 सुरहोली मे अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त एवं 14 बेरलाकला में अनारक्षित मुक्त वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। इस संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी और जनहित में सुनिश्चित की गई है, इससे नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा और सभी वर्गों को समान अवसर प्राप्त होंगे।



**बेमेतरा जनपद पंचायत अध्यक्ष एससी महिला होगी:** जिला पंचायत सदस्य के साथ-साथ जनपद पंचायत अध्यक्षों के भी आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें बेमेतरा जनपद अध्यक्ष अनुसूचित जाति महिला, नवागढ़ जनपद अध्यक्ष अनारक्षित मुक्त, साजा जनपद अध्यक्ष अनारक्षित मुक्त एवं बेरला जनपद अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हुआ है।

### जिला पंचायत क्षेत्र 06 सम्बलपुर के आरक्षण का विरोध

जिले की हाईप्रोफाइल सीट जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 सम्बलपुर जो कि इस बार पुनः अनुसूचित जाति मुक्त के लिए आरक्षित हुआ है, जिस पर आपत्ति जताई गई है। आपत्तिकर्ता देवादास चतुर्वेदी एवं आगरदास डहरे ने आरोप लगाया है कि जिले में सम्बलपुर, प्रतापपुर एवं बसनी एससी वर्ग के लिए आरक्षित है। जिसमें से सम्बलपुर क्षेत्र को लगातार तीसरी बार 2015, 2019 के बाद 2025 में भी एससी मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है, जो कि आरक्षण के रोस्टर नियम के विपरीत है। उन्होंने उक्त क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार कार्रवाई की मांग की है।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ — सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

